मुझे तूने दाता बहुत कुछ दिया है | By Ashok Shauq

मुझे तूने दाता बहुत कुछ दिया है
तेरा शुक्रिया है तेरा शुक्रिया है
सफर ज़िन्दगी का सुहाना किया है
तेरा शुक्रिया है तेरा शुक्रिया है

ना जाने क्या होता जहाँ में हमारा
तेरे दर का मिलता नहीं जो सहारा
तेरी रहमतों से अमृत पिया है
तेरा शुक्रिया है तेरा शुक्रिया है

अगर मुझको मिलती नहीं दात तेरी
ना होती ज़माने में औकात मेरी
हुआ है वो काबिल जो तेरा हुआ है
तेरा शुक्रिया है तेरा शुक्रिया है

ये जबसे मिली है संगत तुम्हारी
के रोशन हुई है दुनिया हमारी
हर एक पल को खुशी से जिया है
तेरा शुक्रिया है तेरा शुक्रिया है

जो बाकी है वो भी तेरे दर पे गुज़रे
रहे शौक़ कर्मो से साफ़ और सुथरे
है तेरा करम तूने अपना लिया है
तेरा शुक्रिया है तेरा शुक्रिया है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%81%e0%a4%9d%e0%a5%87-%e0%a4%a4%e0%a5%82%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%a4%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a4%b9%e0%a5%81%e0%a4%a4-%e0%a4%95%e0%a5%81%e0%a4%9b-%e0%a4%a6%e0%a4%bf/